जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजनांदगांव (छ0ग0)
(ए0डी0आर0 भवन, जिला न्यायालय परिसर, राजनांदगांव)

Telephone No. 07744-299127, Front office No.-08305108995
Email Address- dlsa.rajnandgaon@gmail.com, dlsa.rajnandgaon-cg@nic.in

–:: आदेश ::–

क्रमांक– /जि0वि0से0प्रा0/2024 राजनांदगांव दिनांक 18.07.2024

इस कार्यालय में लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम संशोधित स्कीम, 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के कार्यालय हेतु स्टाफ के रिसेप्शनिस्ट–सह–डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) रिक्त पद की पूर्ति हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक–776/जि.वि.से.प्रा./LADCS/**2023** राजनांदगांव दिनांक 11.08.2023 के परिप्रेक्ष्य में भर्ती समिति राजनांदगांव की अनुशंसा एवं माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर (छ0ग0) के पत्र क्रमांक–1328/LADCS-23/ 2024 बिलासपुर दिनांक 03.05.2024 **के** द्वारा अनुमोदित सूची अनुसार रिसेप्शनिस्ट–सह–डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) हेतु चयनित अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं करने से प्रतीक्षा सूची के प्रथम अभ्यर्थी को उनके नाम के समक्ष उल्लेखित पद एंव एकमुश्त मासिक संविदा मानदेय में उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से अस्थायी रूप से दिनांक 30.04.2025 तक के लिये विहित शर्तों के अधीन नियुक्त किया जाता है :–

स.क्र.	अभ्यर्थी का नाम व पता	नियुक्त का पद	नियुक्त अवधि से	एकमुश्त मासिक संविदा मानदेय
1	कु0 शिवांशी करोसिया आ0 श्री शिवनारायण करोसिया उम्र–21 वर्ष, निवासी किल्लापारा गोपी बर्तन दुकान के पास जिला राजनांदगांव छ0ग0	Receptionist-cum-Data Entry Operator	ज्वाइनिंग दिनांक से 30.04.2025 तक	₹14,000/- प्रतिमाह

विहित शर्तें :–

1. उपरोक्त नियुक्ति पूर्णतः संविदात्मक होगी, जिसका कार्यकाल दिनांक 30.04.2025 के पश्चात् नालसा के दिशा–निर्देश के अनुसार ही निर्धारित किया जावेगा।
2. चयनित व्यक्ति की सेवा संतोषजनक नहीं होने पर अथवा कर्तव्य पर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने अथवा चरित्र सत्यापन में या अन्य किसी माध्यम से यह प्रकट होने पर कि चयनित व्यक्ति किसी प्रकार की आपराधिक/राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त थे या संलिप्त हैं, तो बिना किसी सूचना के उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जावेगी।

3. लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के कार्यालय हेतु संविदात्मक रूप से नियुक्त व्यक्ति निर्धारित मानदेय ही प्राप्त करने का अधिकारी होगा। उनको किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी तथा वह उक्त पदों पर सरकारी वेतन, भत्ते या अनुलाभों को नियमित किये जाने अथवा नियमित वेतनमान प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा।

4.. चयनित व्यक्ति मूल शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेज जो आवेदन के साथ संलग्न है कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करेंगे। शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज किसी भी स्तर पर असत्य अथवा अमान्य पाये जाने पर उनकी सेवा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जावेगी।

उक्त पद पर चयनित व्यक्ति आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर अपने पद का कार्यभार ग्रहण करने और अनुबंध निष्पादित करने उपस्थित होंगे।

(सुषमा सावंत)
अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
राजनांदगांव (छ0ग0)

पृष्ठा. कमांक–660/जि0वि0से0प्रा0/2024 राजनांदगांव दिनांक 18.07.2024
प्रतिलिपिः–

1. सदस्य सचिव, छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर (छ0ग0) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अध्यक्ष भर्ती चयन समिति/विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी), राजनांदगांव की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जिला न्यायालय, राजनांदगांव को जिला न्यायालय की वेबसाईड में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
4. कु0 शिवांसी करोसिया आ0 श्री शिवनारायण करोसिया, उम–21 वर्ष, निवासी किल्लापारा गोपी बर्तन के पास, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ0ग0) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सुषमा सावंत)
अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
राजनांदगांव (छ0ग0)